# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-5 (सप्ताह-5)

**प्रश्नों की कुल संख्या-30** **समय- लगभग 60 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम- .................................................................... शाला उपस्थिति पंजी क्र.- ..............**

**शाला का नाम- .......................................................वि.ख. - ......................... जिला- ....................**

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**(टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें)**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग–1: हिन्दी प्रश्न 1–10

   भाग–2: पर्यावरण अध्ययन प्रश्न 1–10

   भाग–3: गणित प्रश्न 1–10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र. 1 'खुशबू' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

(A) सुगन्ध (B) गन्ध

(C) महक (D) बदबू

प्र. 2 दो किलो चाय पत्ती खरीदने पर आप मुफ्त पा सकेंगे –

(A) 100 ग्राम चाय (B) 200 ग्राम चाय

(C) 50 ग्राम चाय (D) 250 ग्राम चाय

**निर्देश : निम्नलिखित कविता को पढ़कर पूछे गए प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

देश हमें देता है सबकुछ हम भी तो कुछ देना सीखें।
सूरज हमें रोशनी देता, हवा नया जीवन देती है।
भूख मिटाने को हम सबकी, धरती पर खेती होती है।
औरों का भी हित हो जिसमें, हम ऐसा कुछ करना सीखें।
पथिकों को जलती दुपहर में, पेड़ सदा देते हैं छाया।
खुशबू भरे फूल देते हैं, हमको नए फलों की माया।
त्यागी तरुओं के जीवन से, हम भी तो कुछ जीना सीखें।
जो अनपढ़ हैं, उन्हें पढ़ाएँ, जो चुप हैं उनको वाणी दें।
जो पिछड़ा है, उन्हें बढ़ाएँ, प्यासी मिट्‌टी को पानी दें।
हम मेहनत के दीप जलाकर, नया उजाला करना सीखें ।

प्र. 3 ''हवा नया जीवन देती है'' पंक्ति में नया शब्द क्या है?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) विशेषण

प्र. 4 'हित' शब्द का समानार्थी शब्द क्या होगा?

(A) भलाई (B) बुराई
(C) अहित (D) सहायता

प्र. 5 'हम भी सीखें' पाठ की मूल भावना क्या है?

(A) लेने की (B) देने की
(C) पाने की (D) आने की

प्र. 6 'पेड़ सदा देते हैं छाया' पंक्ति में क्रिया शब्द कौन–सा है ?

(A) पेड़ (B) सदा
(C) देते हैं (D) छाया

प्र. 7 'हम सीखें' पाठ की विधा कौन सी है?

(A) कविता (B) कहानी
(C) जीवनी (D) पत्र

**निर्देश : निम्नलिखित तालिका को देखकर दिए गए प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

| क्र. | छात्र/छात्रा का नाम | हिन्दी | अंग्रेजी | गणित | पर्यावरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रानी | A | A | B | A |
| 2. | कल्पना | B | C | B | A |
| 3. | रमेश | A | C | D | A |
| 4. | अली | A | B | B | A |
| 5. | कमलेश | B | C | B | C |
| 6. | रीटा | A | A | A | A |

प्र. 8 किस विषय में छात्रों का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा?

(A) अंग्रेजी (B) गणित

(C) पर्यावरण (D) हिन्दी

प्र. 9 कल्पना की तरह किस छात्र का ग्रेड हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय में समान है?

(A) रानी (B) कमलेश

(C) रीटा (D) रमेश

प्र. 10 किन छात्रों ने दो से अधिक विषयों में A ग्रेड प्राप्त किया है?


(A) अली – रीटा (B) कल्पना – रानी

(C) रमेश – कल्पना (D) रानी – रीटा

## भाग-2 : पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 दिए गए चित्र में किये जा रहे कार्यों को ध्यानपूर्वक देखिए और बताइए कि यह चित्र, इनमें से किस संस्थान का है ?



(A) अस्पताल (B) महाविद्यालय

(C) डाक-घर (D) कचहरी

प्र.2 इन में से पक्षी के पदचिह्नों को पहचानिए–

(A)   (B) 

(C)   (D) 

प्र.3 आपके पिता के दो भाई है। आपके पिता के छोटे भाई रिश्ते में आपके क्या कहलाएंगे ?

(A) चाचा  (B) ताऊ

(C) मामा  (D) चचेरे भाई

प्र.4 आपके पिता के एक भाई एवं एक बहन है। आपके पिता की बहन का एक बेटा है, वो रिश्ते में आपका क्या लगेगा ? –

(A) चचेरा भाई  (B) फूफेरा भाई

(C) मौसेरा भाई  (D) सौतेला भाई

प्र.5 लड्डू खाते समय अजय के हाथ से लड्डू का टुकड़ा जमीन पर गिर गया। थोड़ी देर में उस पर बहुत सी चींटियां एकत्र हो जाती है। यह चीटियों की किस विशेषता के कारण होता है ?

(A) चीटियों को मिल बांटकर खाने की आदत होती है।

(B) चीटियों को मीठा खाना पसंद है।

(C) चीटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(D) चीटियों में संगठन भावना होती है।

प्र.6 बबलू ने सड़े हुए अंगूर एक अलग प्लेट में रख दिये तो थोड़ी देर में चींटियों का झुण्ड अंगूरों पर इकट्ठा हो गया। ऐसा चींटियों की किस विशेषता के कारण हुआ ?

(A) चींटियों को फल खाना पसंद होता है।

(B) चींटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है ।

(C) चींटियाँ संगठन में रहना पसंद करती है।

(D) चींटियों को मिल बाँटकर खाने की आदत होती है।

प्र.7 आपने देखा होगा कि खुले में रखी हुई मिठाई पर कुछ ही देर में चीटियाँ जमा हो जाती हैं। आप बता सकते हैं कि निम्न में से चींटियों के कौन से गुण के कारण ऐसा होता है ?

(A) चींटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(B) चींटियों की देखने की क्षमता ज्यादा होती है।

(C) चींटियाँ झुण्ड में रहना पसंद करती है।

(D) चींटियों की समप्रेषण क्षमता अधिक होती है।

प्र.8 निम्नलिखित वस्तुओं को जमीन में गड्डा खोदकर दबाया जाये और दो वर्ष बाद खोदकर वापस निकाला जाये तो कौन सी वस्तु में सबसे कम परिवर्तन होगा?

(A) प्लास्टिक का गिलास (B) मिट्टी का कुल्हड़

(C) गत्ते का टुकड़ा (D) लोहे की कील

प्र.9 निम्नलिखित वस्तुओं को जमीन में गड्डा खोदकर मिट्टी में दबाया और दो वर्ष बाद खोदकर वापस निकाला तो कौन सी वस्तु में सबसे कम परिवर्तन हुआ होगा?

(A) लकड़ी का टुकड़ा (B) मिट्टी का कुल्हड़

(C) थर्माकोल का टुकड़ा (D) लोहे की कील

प्र.10 निम्नलिखित वस्तुओं को जमीन में गड्डा खोदकर दबाया जाय और कुछ वर्ष बाद खोदकर वापस निकाला जाये तो कौन सी वस्तु में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा ?

(A) मिट्टी का कुल्हड़ (B) लोहे की कील

C) चीनी मिट्टी का कप (D) लकड़ी का टुकड़ा

## भाग-3 : गणित

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 एक स्कूल के 352 बच्चे कैंप में गए। हर तंबू में 5 बच्चों को ठहराया गया तो कुल कितने तंबुओं की जरूरत होगी?

(A) 7 (B) 70

(C) 71 (D) 2

प्र.2 बस में सिवनी से जबलपुर का एक यात्री का किराया ₹185 है। सरिता के परिवार में 6 लोग हैं। उन सभी का किराया देने के लिए सरिता निम्न में से कौन से प्रकार से भुगतान करेगी?

(A) ₹500 के 2 नोट एवं ₹200 का 1 नोट (B) ₹500 के 2 नोट

(C) ₹100 के 11 नोट (D) ₹200 के 4 नोट

प्र.3 मीना एक दुकान से ₹370 का एक सूट खरीदती है। वह दुकानदार को ₹500 का एक नोट देती है। बताइए दुकानदार निम्न लिखित में से किस प्रकार से शेष रूपये वापस करेगा?


(A) ₹100 का 1 नोट, ₹50 का 1 नोट एवं ₹20 का 1 नोट

(B) ₹50 के 3 नोट एवं ₹20 का 1 नोट

(C) ₹100 का 1 नोट, ₹20 का 1 नोट एवं ₹10 का 1 नोट

(D) ₹100 का 1 नोट एवं ₹10 के 2 नोट

प्र.4 छायांकित भाग का मान क्या होगा?



(A) $\frac{5}{10}$ (B) $\frac{7}{10}$


(C) $\frac{3}{7}$ (D) $\frac{10}{5}$

प्र.5 20 पैसा एक रूपये का कितना हिस्सा है?

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{1}{5}$

(C) $\frac{1}{3}$ (D) $\frac{1}{7}$


प्र.6 चित्र के अनुसार दिए गए $\frac{1}{2}$ में कितने $\frac{1}{8}$ भाग स्थित है?



(A) 2 (B) 6

(C) 8 (D) 4

प्र.7 दिए गए चित्र को देखिए–







कितने $\frac{1}{4}$ मिलकर $\frac{1}{2}$ बनाएँगे?

(A) 4 (B) 2

(C) 1 (D) 8

प्र.8 किस चित्र में $\frac{3}{5}$ भाग छायांकित है?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

प्र.9 राजू के सब्जियों के खेत के 9 बराबर हिस्से हैं। वह अपने खेत के कितने हिस्से में पालक उगा रहा है–

| | | |
|---|---|---|
| आलू | पालक | बैगन |
| आलू | पालक | बैगन |
| टमाटर | टमाटर | टमाटर |

(A) $\frac{2}{9}$ (B) $\frac{2}{3}$

(C) $\frac{9}{2}$ (D) $\frac{3}{9}$

प्र.10 यदि किसी बगीचे में कुल 100 पेड़ हैं और इनमें से $\frac{2}{5}$ भाग आम के पेड़ हैं। तो बगीचे में दूसरे कितने पेड़ होंगे?

(A) 100 (B) 70

(C) 60 (D) 40

# सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-5 सप्ताह-5 )

| हिन्दी | | पर्यावरण अध्ययन | | गणित | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन | गणित |
|---|---|---|
| | | |